# प्रादेशिक समाचार
## 04.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रांची– रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओरमांझी के समीप फ्लाइओवर निर्माण को दी मंजूरी, मुख्यमार्ग पर कम होगा यातायात का दबाव और सड़क हादसे।

**2.** 48 नगर निकायों के लिए आज दोपहर 3 बजे थम जाएगा नामांकन का दौर, पर्चा दाखिल करने समर्थकों के साथ पहुंच रहे प्रत्याशी, कल नामांकन पत्रों की होगी जांच।

**3.** केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम से मिले पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, रांची के सोनाहातू स्थित चोकाहातू मेगालिथ साइट को यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल करने के लिए पहल करने का आग्रह।

**4.** शिक्षा सचिव ने सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को बोर्ड एग्जाम में जीरो फेलियर का लक्ष्य हासिल करने का दिया निर्देश, बेहतर रिजल्ट करने वाले विद्यालय होंगे सम्मानित।

**5.** रांची में पश्चिमी क्षेत्र अकाउंटेंट जनरल हॉकी टूर्नामेंट का आज हो रहा आगाज, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की टीम ले रही हिस्सा।

********************

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रांची– रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओरमांझी के पास फ्लाइओवर निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लगभग एक किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर के निर्माण पर लगभग अड़तालीस करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस फ्लाईओवर के निर्माण से मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम होने के साथ सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

********************

राज्य में 48 नगर निकायों के लिए नामांकन का दौर अब से थोड़ी देर बाद दोपहर तीन बजे समाप्त हो जाएगा। ऐसे में आज भी महापौर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के पदों के लिए बड़ी संख्या में प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल करने पहुंच रहे हैं। रांची से रौशनी खलखो, हजारीबाग से सुदेश चंद्रवंशी, धनबाद से संजीव अग्रवाल ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रुप में नामांकन किया। धनबाद से महापौर पद के लिए पूर्व विधायक संजीव सिंह भी आज पर्चा भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलगत आधार पर चुनाव नहीं होने से दावेदारी पेश कर रहे हैं।

खूंटी नगर पंचायत के लिए कांग्रेस समर्थित मनोनीत बोदरा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि उन्हें मतदाताओं का पूरा समर्थन मिल रहा है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 17 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड की समृद्ध आदिवासी परंपरा – संस्कृति के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि खनन, उद्योग और खेल समेत अन्य सभी क्षेत्र में विकास के लिए बनाई गई नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं से उन्हें अवगत कराया।

********************

साहिबगंज जिले में आदिम जनजाति–पहाड़िया को अपने–अपने गांव में ही अब हर दिन ओपीडी के माध्यम से इलाज की सुविधा मिलेगी। जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने ओपीडी सेवा के लिए इस्तेमाल होने वाले एंबुलेंस का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला कंट्रोल रुम से इसकी निगरानी की जाएगी।

********************

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय कल्याण मंत्री जुएल उरांव से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने रांची जिले के सोनहातू प्रखंड स्थित चोकाहातू मेगालिथ साइट को यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल करवाने के लिए पहल करने का आग्रह किया। श्री महतो ने केंद्रीय जनजातीय कल्याण मंत्री से आदिवासी कल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए ज्यादा राशि आवंटित करने का आग्रह किया।

********************

स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने शिक्षा की गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षा की तैयारियों और पीएमश्री विद्यालयों में संचालित गतिविधियों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर 'जीरो फेलियर' का लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। शिक्षा सचिव ने यह भी कहा कि बेहतर परिणाम देने वाले स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा।

********************

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भ्रष्टाचार और वित्तीय कुप्रबंधन को लेकर हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दस जिलों में उच्च विद्यालय के शिक्षकों को छह माह से वेतन नहीं मिल रहा है वहीं, शैक्षणिक योजनाओं के लिए खजाने में पैसा नहीं है।

********************

देवघर में पूर्वी भारत का पहला क्वांटम कंप्यूटिंग रिसर्च फैसिलिटी सेंटर का शुभारंभ आठ फरवरी को सांसद निशिकांत दूबे करेंगे। सी– डैक और एसटीपीआई द्वारा इस सेंटर का संचालन किया जाएगा। यहां हर वर्ष लगभग दो लाख युवाओं को सुपर कंप्यूटर के माध्यम से क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रशिक्षण और अनुसंधान का मौका मिलेगा।

********************

धनबाद में अदालत परिसर के समीप 16 फीट का रास्ता और पार्किंग की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन छठे दिन भी जारी है। अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ छह फीट का रोड बनाया जा रहा है।

********************

राजधानी रांची के रिंग रोड और हाईवे पर स्टंट, रैश ड्राइविंग और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि सड़क हादसों को नियंत्रित करने की दिशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अभी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 94 अंक गिरकर 83 हजार 651 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 3 अंक गिर्कर 25 हजार 728 अंक पर है।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 1 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 98 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राजधानी रांची की मेजबानी में पश्चिमी क्षेत्र अकाउंटेंट जेनरल, एजी हॉकी टूर्नामेंट का आज आगाज हो रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में झारखंड समेत महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ एजी की टीम हिस्सा ले रही है। इस प्रतियोगिता के सभी मैच नवनिर्मित सीएजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाएंगे।

********समाप्त*******